27 korba-pg1_Layout 1 8/27/2025 11:36 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 28 अगस्त 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4 शहर में काले सांड का आतंक हमले से बाल-बाल बचे लोग



## खबर संक्षेप

### देव शिल्पी मजदूर कल्याण समिति करेगी आंदोलन

**हरदीबाजार।** एनटीपीसी सीपत बिलासपुर में कार्यरत दीपका सेलो से सीपत तक गेट मेन, टली मेन, गैन मेन, किमेंन, पेट्रोलिंग सभी साथ मिल कर देव शिल्पी मजदूर कल्याण समिति एनटीपीसी सीपत के समस्या मजदूर विगत कई वर्षों से मजदूरी दर बढ़ने का मांग कर रहे थे कुछ महीनों पहले संसद ने भी मजदूरों को की मजदूरी दर बड़ा कर न्याय देने के लिए पत्र लिखे। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर ने एनटीपीसी सीपत महाप्रबंधक को पत्र लिखा था। समिति के अध्यक्ष शिव ने बताया कि अब हम अपने हक की लड़ाई के लिए अनिश्चितकालीन मजदूर हड़ताल में नेवासा ओवर ब्रिज के नीचे पटरी पर सुबह 8 बजे गुरुवार से शांति पूर्वक बैठेंगे।

### आगजनी के मामले में मुख्य आरोपी अब तक फरार

**कोरबा।** पाली थाना क्षेत्र में कोयला खदान में विगत कुछ माह पूर्व हुए रोहित जायसवाल हत्याकांड का मामला सामने आया था जिसके बाद पुलिस ने कुछ लोगों के खिलाफ आगजनी व तोडफोड़ का मामला दर्ज किया था जिसमें 6 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज होने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है जबकि एक मुख्य आरोपी अब तक फरार है। ज्ञात रहे कि पाली थाना क्षेत्र में 28 मार्च की रात को सरायपाली उपक्षेत्र कोयला खदान में कोयला लोडिंग को लेकर हुए विवाद में कोल लिफ्टर रोहित जायसवाल की हत्या कर दी गई। साथ ही इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। पाली थाना प्रभारी जितेंद्र यादव के अनुसार, निचली अदालत में आगजनी व तोडफोड़ के मामले में जमानत याचिका खारिज होने के बाद कोर्ट के आदेश पर इन 6 आरोपियों को जेल भेज दिया गया है जबकि मुख्य आरोपी अब तक फरार है।

### सर्प के डंसने से युवती की मौत

**कोरबा।** विगत दिनों एक 20 वर्षीय युवती अपने कमरे में सो रही थी कि इसी दौरान देर रात को जहरीले सर्प ने उसे डस लिया था। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामला दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत लाटा बस्ती की है। यहां निवासरत करिश्मा कुजूर उम्र 20 वर्ष 22 अगस्त की रात खाना खाकर अपने कमरे में दीवान पर सोई हुई थी कि देर रात लगभग 3 बजे किसी जहरीले सर्प ने करिश्मा को डस लिया था जब परिजनों को पता चला तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां पिछले कई दिनों से करिश्मा का उपचार मेडिकल हॉस्पिटल में चल रहा था लेकिन इस बीच बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बालको दुर्गा पंडाल में नजर आएगा कोलकाता का ऐतिहासिक विक्टोरिया मेमोरियल महल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

गणेश उत्सव के साथ ही नवरात्री की तैयारियां दुर्गा समितियों के द्वारा कर दी गई है। इसके लिए बनाए जाने वाले पंडालों को आकर्षक रुप दिया जा रहा है। प्रतिवर्ष शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में दुर्गा पंडालों को देश के ऐतिहासिक स्थलों का प्रतिरुप दिया जाता है। इसी कड़ी में बालको नगर के सेक्टर 3 दुर्गा पंडाल में इस वर्ष कलकत्ता का ऐतिहासिक धरोहर विक्टोरिया मेमोरियल की झलक नजर आएगी। इसके लिए कलकत्ता के ही कारिगरों के द्वारा पंडाल बनाने का काम शुरु कर दिया गया है।

नगर में बंग समाज के द्वारा सबसे पहले दुर्गा प्रतिमा स्थापना की शुरुआत की गई थी। बालको औद्योगिक क्षेत्र में देश के विभिन्न स्थानों से कामगार आकर बसे हैं। जिनके द्वारा अपने अपने प्रदेश की संस्कृति का परंपरागत रुप से निर्वहन किया जा रहा है। बंग समाज ने नगर में दुर्गा पूजा उत्सव की शुरुआत की थी जो आज भी निरंतर जारी है। क्वांर नवरात्री को ही दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की परंपरा चल रही है। पंचमीं से प्रतिमा की स्थापना होती है। प्रतिवर्ष दुर्गा पंडाल को कमेटी के द्वारा आकर्षक रुप दिया जाता है। जिसे देखने के लिए नगर के अलावा आसपास के क्षेत्र के लोग पहुंचते हैं। इस वर्ष कमेटी के द्वारा दुर्गा पंडाल को एक नया आकर्षक रुप दिया जा रहा है। देश की ऐतिहासिक धरोहरों में शामिल विक्टोरिया मेमोरियल का रुप पंडाल को दिया जा रहा है। बीते 15 दिन से पंडाल को बनाने का काम कारिगरों के द्वारा शुरु कर दिया गया है। बालको सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी सेक्टर 3 एवं काली मंदिर सेक्टर 2 के द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है। पंडाल को तैयार करने के लिए कलकत्ता से ही कारिगर बुलाए गए हैं। लगभग डेढ़ माह में विक्टोरियल मेमोरियल का रुप पंडाल को दिया जाएगा।

### बंग समाज द्वारा सेक्टर 2 दुर्गा पंडाल में की जाएगी प्रतिमा स्थापित



#### नगर में बढ़ती है रौनक

क्वांर नवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष पंचमी से प्रतिमा की स्थापना कर विजयदशमी पर्व पर प्रतिमा का विसर्जन होता है। इस अवधी में नगर के आवासीय परिसरों में एक अलग से रौनक नजर आती है। पूजा कमेटी के इस पहल को आम नागरिकों ने भी सराहा है। कलकत्ता का विक्टोरिया मेमोरियल जिन लोगों ने इतिहास के किताबों में पढ़ा है उनमें विक्टोरिया मेमोरियल पंडाल को देखने की ललक बनी हुई है।

## दुर्ग जिले में शुरु हुई है मामले की जांच

# दुर्ग के जमीन फर्जीवाड़े के तार जुड़े हैं कोरबा से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजस्व रिकार्ड के ऑनलाइन किये जाने के बाद से राजस्व पटवारियों के आईडी हैक कर जमीन के दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा किये जाने के मामले सामने आने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला अभी हाल ही में सामने आया है जिसमें दुर्ग जिले में जमीन के फर्जी रकबा और खसरा नंबर क्रियेट किया गया है और इसके लिए जिस आईडी को हैक किया गया है वह कोरबा तहसील की आरडी आईडी बतायी गई है। इसके बाद से राजस्व अमले में हड़कंप मचा हुआ है।

भुईयां सॉफ्टवेयर आने के बाद से राजस्व रिकार्ड को लगातार ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके बाद से यह उम्मीद जगी थी कि राजस्व रिकार्ड के ऑनलाइन होने के बाद उसमें किसी तरह की कांटछांट नहीं किया जा सकेगा लेकिन पिछले कुछ समय से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जिसमें हैकर पटवारी आईडी या तहसील की आईडी को हैक कर इसका उपयोग कर अन्य जिलों के राजस्व रिकार्ड के छेड़छाड़ में किया जा रहा है। बीते माह दुर्ग जिले में जमीन का ऐसे ही फर्जीवाड़ा सामने आया है जिसमें 864 बोगस खसरा नंबर एवं रकबा क्रियेट किया गया है। मामला सामने आने के बाद दुर्ग के दो पटवारियों को निलंबित कर दिया गया है लेकिन जब इसकी जांच शुरु हुई तो बताया गया कि इसके लिए कोरबा तहसील की आरडी आईडी को हैक किया गया है। हालांकि इस तरह का मामला पूर्व में कोरबा में भी सामने आया था जिसमें कार्यवाही की गई थी।

#### खास बात

- तहसील की आरडी आईडी हैक करने का मामला आया सामने



फाइल फोटो

#### दो तरह की होती है आईडी

राजस्व विभाग में दो तरह की आईडी होती है, पहली आईडी पटवारी की रहती है जिसका पासवर्ड पटवारी के अलावा किसी के पास नहीं रहता। दूसरी आईडी तहसील की रहती है। जिसे आरडी आईडी कहते हैं। यह आरडी आईडी किसी प्रकरण के दर्ज होने के बाद जारी की जाती है और यह आईडी तहसील में ही रहती है। दुर्ग जमीन मामले में कोरबा तहसील की जिस आरडी आईडी को हैक किया गया है उसे सायबर क्राइम की श्रेणी में माना गया है। हालांकि इस पूरे मामले में खुलकर कोई बोलने को तैयार नहीं है।

#### कराएंगे जांच

इस तरह के मामले की जानकारी मेरे सामने नहीं आयी है। अगर ऐसा हुआ है तो इसकी जांच कराई जाएगी।

-**अजीत वसंत,** कलेक्टर

# कुसमुंडा खदान में दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन द्वारा खदान सुरक्षा को लेकर एक सराहनीय पहल की गई है। खदान क्षेत्र में दो पहिया वाहनों में हो रही दुर्घटना पर लगाम लगाने खदान में दो पहिया वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई है। प्रबंधन ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि निजी कंपनी अपने कर्मचारियों को कार्य स्थल पर लाने ले जाने के लिए उचित वाहन की व्यवस्था करें।

आए दिन दो पहिया वाहन से किसी न किसी रूप से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती थी, लेकिन एक सप्ताह से कुसमुंडा खदान में पूर्ण रूप से दुपहिया वाहन की एंट्री पर लगाम लगाकर जीएम कुसमुंडा क्षेत्र एवं नीलकंठ कंपनी ने सराहनीय कार्य किया है। हालांकि कुछ कमियां भी प्रतीत हो रही है, जैसे ठेका कंपनी मेंसर्स नीलकंठ इन्फ्रा माइनिंग लिमिटेड अपने कर्मचारियों को निर्धारित स्थल से कार्य स्थल तक लाने एवं जाने के लिए जो भी संसाधन की व्यवस्था की है। उनके प्रबंधक ने कहा है कि कर्मचारियों को वाहन में बैठकर ही कार्य स्थल पर आना है। अधिक कर्मचारी हैं तो वाहन के द्वार पर लटक के ना जाएं। कंपनी प्रबंधक भी अपने समस्त कर्मचारियों को लाने एवं जाने में कुछ कठिनाइयां हो रही है तो प्रबधक इस संबंध में निर्धारित पार्किंग एरिया लाइटिंग, सीसीटीवी कैमरा एवं उपयुक्त वाहन जल्द ही बारिश के मौसम को देखते हुए लगभग 10 से 15 दिन के अंदर पार्किंग की उत्तम व्यवस्था कर लेगी। इसके अतिरिक्त मेसर्स नीलकंड इन्फ्रा माइनिंग लिमिटेड कंपनी ने हमेशा से कर्मचारियों हित को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रहित के कार्य के लिए अपने सभी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण जैसे हेटमेट, जूता, फ्लोरोसेट जैकेट, आई कार्ड मुहैया करा चुका है। इसलिए सभी कर्मचारी सुरक्षा उपकरण के साथ ही कार्य स्थल पर आए। प्रबंधक द्वारा बार बार सूचना पत्र के माध्यम से सभी कर्मचारियो को अवागत कराया जा चुका है। खदान क्षेत्र में दो पहिया वाहन वर्जित विलम्ब से ही सही परंतु हुआ तो जिसमें रोजाना कर्मचारी जान जोखिम में डालकर कार्य के लिए दो पहिया वाहन से आते जाते थे। कुछ लोग को यह निर्णय हजम नहीं हो रहा और दो पहिया वाहन कैसे पुनः खदान में लेकर आए, उस ताक में आज भी लगे हुए है।

#### खास बात

- निजी कंपनियां अपने वाहन में कार्य स्थल तक ले जाएंगे श्रमिकों को



खदान के भीतर लगाया गया बेरियर।

# एसईसीएल के निदेशक महापात्रा ने पदभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहन ने कंपनी के नवनियुक्त निदेशक तकनीकी रमेश चंद्र महापात्रा के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर उनका एसईसीएल परिवार ने स्वागत किया। एसईसीएल निदेशक तकनीकी संचालन, एन फ्रेंकलिन जयकुमार एवं निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास ने भी श्री महापात्रा से मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान श्रीमती शुभश्री महापात्रा की विशेष उपस्थिति रही।

एसईसीएल में निदेशक तकनीकी का पदभार संभालने से पूर्व रमेश चंद्र महापात्रा ईसीएल के झांझरा क्षेत्र में क्षेत्रीय महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। खनन क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक समय का अनुभव रखने वाले, श्री महापात्रा परिचालन में रणनीतिक दृष्टिकोण और नवाचारी नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने आईआईटी बीएचयू से 1990 में माइनिंग इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की है। श्री महापात्रा ने मानव संसाधन प्रबंधन में एमबीए किया है और वे इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया के फेलो भी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एसईसीएल के कोरबा क्षेत्र स्थित सूराकछार कोलियरी से की और उन्हें कोलियरी मैनेजर, प्रोजेक्ट ऑफिसर से लेकर अतिरिक्त महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक जैसे पदों पर कार्य करने का व्यापक अनुभव है। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने सीआईएल की कुछ सबसे बड़ी भूमिगत एवं ओपनकास्ट खनन परियोजनाओं का सफल नेतृत्व किया है। उत्पादन वृद्धि, आधुनिक प्रौद्योगिकियों के समावेश, भूमि एवं पुनर्वास संबंधी जटिल मुद्दों के समाधान तथा समुदायों के साथ मजबूत जुड़ाव स्थापित करने में उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारतीय कोयला क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें अफ्रीकन माइनिंग इंदाबा (केप टाउन, दक्षिण अफ्रीका) और चेक गणराज्य में औद्योगिक सहयोग वार्ताएँ शामिल हैं।



पदभार ग्रहण करते हुए रमेश चंद्र।

* **कोरबा।** कनौजिया राठौर समाज के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी से मुलाकात किया। उक्त कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आहूत की गई। जहां कनौजिया राठौर समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोदी का स्वागत किया।

# विधायक ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम पंचायत कसियाडीह में सीसी रोड़, गाड़ाघाट तालाब में रिटर्निंग वाल निर्माण एवं विद्युतीकरण विस्तार के कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसकी कुल लागत राशि 25 लाख रुपये की लागत से जिला खनिज न्यास मद से एवं 5 लाख विधायक निधि से निर्माण होना है। जिसमें सीसी रोड निर्माण लागत 15 लाख रुपए व गाड़ाघाट तालाब में रिटर्निंग वाल निर्माण जिसकी लागत राशि 10 लाख रुपए एवं विद्युतीकरण विस्तार के लिए 5 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं होगी। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत कसियाडीह-झांझ में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया है, जिससे निश्चित ही आने वाले समय में क्षेत्र में हो रही समस्या से भी स्थानीय लोगों को निजात मिलेगी साथ ही आप सभी के सहयोग से क्षेत्र में विकास संभव है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा जगत, अध्यक्ष वनवासी कल्याण आश्रम रघुराज सिंह उईके, पूर्व मंडल अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि शोभा सिंह जगत, हरदीबाजार मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, कसियाडीह सरपंच श्रीमती कुसुम लता उईके, पूर्व सरपंच व प्रतिनिधि चंद्रिका प्रसाद उईके, पूर्व जनपद सदस्य कौशल श्रीवास, शत्रुहन सिंह करपे, मन्नु सांई राठौर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KORBA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

- ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
- C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)

89595-93920 • 89595-44444



पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि द्वारा आयोजित

व्यापार एवं उद्योग मेला के अवसर पर

रंगोली सजाओ प्रतियोगिता | मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

का पुरस्कार वितरण समारोह

शनिवार, दिनांक - 30 अगस्त 2025

समय - दोपहर 1 बजे

स्थान - हरिभूमि कार्यालय

गौरव पथ, रिंग रोड नं. 2, बिलासपुर (छ.ग.)

रंगोली सजाओ प्रतियोगता, मेहंदी लगाओं प्रतियोगिता, महिला दिवस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को परिचय पत्र की छाया प्रति जमा करना अनिवार्य हैं।

**खबर संक्षेप**

## नशे का सामान सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने शहर में नशेड़ियों को नशे का सामान सप्लाई करने वाले युवक को पकड़ लिया है। उसके पास से 150 नग प्रतिबंधित टेबलेट मिली है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 24 अगस्त की रात रेलवे स्टेशन के बाहर हल्दीराम होटल के पास शहडोल खूजरी निवासी समीर यादव पिता संतोष यादव को बाइक सवार तीन युवकों ने चाकू मार दिया था। दूसरे दिन पुलिस ने चिंगराजपारा निवासी अमन सारथी उर्फ बिट्टू पिता घनश्याम सारथी 20 साल व दो नाबालिग को पकड़ लिया। तीनों नशीले टेबलेट के नशे में थे और नशे में समीर यादव को चाकू मारा था। पुलिस ने उन्हें नशीले टेबलेट बेचने वाले सरकण्डा बंगालीपारा गली नम्बर तीन निवासी राहुल मानिकपुरी पिता गंगादास मानिकपुरी 19 को पकड़ लिया था। उसके बाद पुलिस ने राहुल मानिकपुरी को बेचन के लिए नशीले टेबलेट बेचने वाले यदुनंदननगर पानी टंकी निवासी अमन सिंघल पिता उत्तम सिंघल 22 साल को पकड़कर उसके पास से 150 नग प्रतिबंधित टेबलेट बरामद किया है।

## मोबाइल बेचने के फिराक में घूम रहा युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने चोरी का मोबाइल बेचने की फिराक में घूम रह युवक को गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस को सूचना मिली कि एक युवक बुधवारी बाजार में चोरी का मोबाइल बेचने के लिए घूम रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ बाजार में दबिश देकर सरकण्डा नूतन चौक निवासी अतुल यादव पिता दिनेश यादव 20 साल को पकड़कर एक मोबाइल बरामद किया।

## चेन लूटने वाला ई रिक्शा चालक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सीसीटीवी फुटेज से पुलिस ने सरकण्डा क्षेत्र में झपट्टा मारकर दो लोगों से नकद रकम, सोने की चेन लूटने वाले ई रिक्शा चालक को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजकिशोर नगर वीवीआईपी सिटी रामागीत निवासी रिटायर्ड एडीओ 25 अगस्त को शाम 6 बजे दवाई लेने के लिए मेडिकल स्टोर्स जा रहे थे। लोयला स्कूल रोड स्वर्ण काम्प्लेक्स के पास एक नीला रंग का ई रिक्शा वाला आया और पूछा कहां जा रहे हो, उन्होंने बताया दवाई लेने मेडिकल स्टोर जा रहे हैं। चालक ने कहा क्या दवाई चाहिए। पर्ची निकालने के दौरान उनके हाथ में 17 हजार रुपए भी जेब से बाहर निकल गया। चालक पर्ची लेकर देखने लगा और झपट्टा मारकर उनके हाथ से 17 हजार रुपए लूटकर भाग निकला। उसके ई रिक्सा का नम्बर सीजी 10 बीजी, 5970 लिखा हुआ था। सूचना पर टीआई निलेश पाण्डेय, संजीव जांगड़े, विवेक राय, सत्या पाटले ने चांटीडीह रामायण चौक निवासी प्रदीप सोनी से पूछताछ की। उसने रकम लूटना स्वीकार कर लिया। इसके अलावा उसने 14 जुलाई को राजकिशोरनगर निवासी अमृत लाल गुप्ता से हरिमाडल स्कूल के पास झपट्टा मारकर सोने की चेन लूटना स्वीकार किया है।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत

**बिलासपुर।** साइकिल से घर जा रहे बुजुर्ग को बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई है। सकरी थाना के एसआई हेमंत आदित्य ने बताया, लोखंडी निवासी लक्ष्मण पटेल 80 साल सब्जी बेचने के बाद साइकिल से घर जा रहे थे। लोखंडी मुख्य मार्ग में साइकिल से गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात बाइक के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## धर्मपरिवर्तन कराने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज

बिलासपुर। प्रार्थना आयोजित कर प्रलोभन देकर धर्मपरिवर्तन कराने पर बजरंग दल के कार्यकताओं ने जमकर मंगामा मचाया। पुलिस ने प्रार्थना सभा आयोजित करने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, बंजरग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना दी कि वेदपरसदा पोल्ट्रीफार्म के पास संदीप कुमार सूर्यवंशी पिता चुन्नीलाल सूर्यवंशी 30 साल गांव गरीब लोगों को एकत्रित कर प्रार्थना सभा आयोजित कर लोगों को प्रलोभन देकर धर्मपरिवर्तन करा रहा है।

*प्रवेश की तारीख नहीं बढ़ी तो फिर उत्तीर्ण हुए छात्रों का यह साल बरबाद हो जाएगा*

# बोर्ड की द्वितीय परीक्षा में पास हुए 16 हजार से अधिक छात्र, इधर कालेजों और विश्वविद्यालयों में एडमिशन बंद, भटकना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से द्वितीय बोर्ड परीक्षा के नतीजे 19 अगस्त को जारी किए गए। इसमें बारहवीं में 16 हजार से अधिक छात्र पास हुए हैं, लेकिन उन्हें इस सत्र में प्रवेश के लिए अवसर नहीं मिला है, क्योंकि, 14 अगस्त को कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में एडमिशन बंद हो चुका है।

ऐसे में प्रवेश की तारीख नहीं बढ़ी तो फिर पास हुए छात्रों का यह साल बर्बाद हो जाएगा। हालांकि पिछली बार सितंबर में भी एडमिशन दिए गए थे। इसलिए इस बार भी छात्रों को उम्मीद है कि प्रवेश की तारीख फिर बढ़ेगी। गौरतलब है कि सीजी बोर्ड के तहत साल में दो बार दसवीं-बारहवीं की परीक्षा होती है। पिछले साल से यह व्यवस्था लागू है। पहली परीक्षा मार्च में और दूसरी जुलाई में आयोजित की जाती है। इस बार की परीक्षा भी जुलाई में हुई। बारहवीं की परीक्षा के लिए 35 हजार 765 छात्रों के आवेदन मिले थे। परीक्षा में 34 हजार 59 छात्र शामिल हुए और इसमें 34 हजार 55 के परिणाम घोषित हुए। इसमें से 16 हजार 747 छात्र पास हुए है। इस तरह से रिजल्ट 49.17 प्रतिशत रहा। इसमें 4781 प्रथम श्रेणी, 11165 द्वितीय और 801 तृतीय श्रेणी से पास हुए। अब जो पास हुए हैं उनमें से कई छात्र इस सत्र में प्रवेश के इच्छुक हैं। इसके लिए वे कॉलेजों से संपर्क कर रहे हैं। कॉलेजों में सीटें भी खाली हैं, लेकिन तारीख खत्म होने की वजह से एडमिशन नहीं दिया जा रहा।

- **पिछली बार सितंबर में भी एडमिशन दिए गए थे, इसलिए इस बार भी छात्रों को उम्मीद**

### यूजी और पीजी दोनों की सीटें खाली

शिक्षा सत्र 2025-26 के अनुसार प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया जून में शुरू हुई। यूजी व पीजी में प्राचार्य स्तर पर 31 जुलाई तक प्रवेश दिए गए। इसके बाद फिर कुलपति की अनुमति से 14 अगस्त तक दाखिले हुए। आखिरी दिन ओपन काउंसिलिंग कर एडमिशन दिए गए, फिर भी बड़ी संख्या में सीटें खाली रह गई हैं। अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध ऑटोनोमस कालेज जैसे साइंस कॉलेज, डिग्री गर्ल्स को छोड़कर अन्य कॉलेजों में यूजी और पीजी की कई सीटें खाली रह गई। अन्य राजकीय विवि से जुड़े कालेजों में भी काफी सीटें खाली हैं।

### छात्रहित में होगा फैसला

सीजी बोर्ड के तहत साल में दो बार दसवीं-बारहवीं की परीक्षा होती है। पिछले साल से यह व्यवस्था लागू है। इस बार की परीक्षा भी जुलाई में हुई। इसमें 16 हजार से अधिक छात्र पास हुए हैं। इनके एडमिशन के लिए शासन स्तर पर बात चल रही है। जल्द ही छात्रहित में फैसला ले लिया जाएगा। किसी भी स्टूडेंट का साल बरबाद नहीं होगा।

**- विजय तांडे**
जिला शिक्षा अधिकारी

### यूजी के स्वाध्यायी छात्रों का पंजीयन 31 तक होगा

ज्ञात हो कि यूजी फर्स्ट ईयर में एडमिशन लेने वाले स्वाध्यायी यानी प्राइवेट छात्रों का पंजीयन 31 अगस्त तक होगा। इसकी प्रक्रिया पिछले दिनों शुरू हुई। प्राइवेट छात्रों को पंजीयन की हार्डकॉपी संबंधित कॉलेजों में 5 सितंबर तक जमा करना अनिवार्य है। गौरतलब है कि पिछले साल यूजी फर्स्ट ईयर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू हुई। इसके अनुसार यूजी फर्स्ट ईयर की परीक्षा में प्राइवेट छात्र के रूप में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी है। उन्हें अपने आवेदन में यह बताना होगा कि वे किस कॉलेज से प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में फर्स्ट ईयर की परीक्षा देंगे। इसी तरह इन्हें भी नियमित छात्रों की तरह इन्हें भी इंटर्नल एग्जाम देना होगा।

### वाहन चालक रोज हो रहे दुर्घटनाग्रस्त, जगह की कमी से ढाल देने में भी आएगी समस्या

# पचरीघाट की ओर बैराज में खड़ी चढ़ाई, कैसे बनेगा रास्ता?

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पचरीघाट बैराज का निर्माण अब अपने अंतिम चरणों में है। सिंचाई विभाग द्वारा बैराज के ऊपर से पुल की तरह ही आवागमन के लिए रास्ता बनाया गया है। इसके अंतर्गत शनिचरी रपटा की ओर से बैराज पर चढ़ते समय तो चढ़ाई संतुलित है, लेकिन पचरीघाट वाले हिस्से में खड़ी चढ़ाई लोगों के लिए समस्या बनी हुई है। पचरीघाट की ओर से बैराज में चढ़ने व उतरने के दौरान वाहनचालकों को लगातार दुर्घटनाग्रस्त होना पड़ रहा है।

अरपा नदी पर बारहों महीने जलभराव बनाए रखने के उद्देश्य से शहर में दो स्थानों पर बैराज बनाए जा रहे हैं। शिवघाट पर बैराज बनकर तैयार हो चुका है, वहीं पचरीघाट बैराज का काम युद्धस्तर पर जारी है। उम्मींद की जा रही है कि साल के अंत तक पचरीघाट बराज भी बनकर तैयार हो जाएगा। बैराज के ऊपर पुल की भांति आवागमन के लिए पर्याप्त जगह है, जहां लोग चांटीडीह से बैराज के ऊपर से होकर सीधे जूना बिलासपुर पहुंच सकेंगे। इस दौरान चांटीडीह की ओर बैराज में चढ़ने के लिए पर्याप्त ढाल है, जिसमें वाहनचालकों को इस ओर से बैराज में चढ़ने व उतरने में कोई दिक्क्त नहीं हो रही है। पचरीघाट वाले हिस्से में खड़ी चढ़ाई है, जिससे बैराज में वाहन लेकर चढ़ना काफी जोखिम भरा है। इधर चांटीडीह की ओर से बराज में चढ़कर पचरीघाट की ओर उतरने वाले कई वाहनचालक तो एकदम खड़ा ढाल देखकर वापस लौट जा रहे हैं। जबकि उतरने का प्रयास करने वाले कई वाहनचालकों को प्रतिदित दुर्घटनाग्रस्त भी होना पड़ रहा है। इस संबंध में सिंचाई विभाग द्वारा भी पचरीघाट की ओर चढ़ाई अधिक होने, लेकिन ढाल देने के लिए वहां अधिक स्थान नहीं होने की बात स्वीकार की गई है।



पचरीघाट बैराज का निर्माण कार्य अंतिम चरण में।

**तैयार करना पड़ेगा रास्ता**

यह बिल्कुल सही है कि बैराज में पचरीघाट की ओर एकदम खड़ी चढ़ाई है, लेकिन इसे ऐसे ही नहीं छोड़ा जा सकता। आवागमन के लिए रास्ता तो तैयार करना ही पड़ेगा। जगह तलाश कर अधिक से अधिक ढाल देने की कोशिश करेंगे।

**-मधु कुमार चंद्रा,** ईई खारंग जलसंसाधन संभाग

### कालेजों में यूजी-पीजी की 29 हजार सीटें रिक्त

# यूनिवर्सिटी ने उच्च शिक्षा विभाग को प्रवेश तिथि बढ़ाने लिखा पत्र

का कालेजों में अंतिम तिथि 14 अगस्त के बाद से एडमिशन नहीं दिया जा रहा है, जबकि कालेजों में सीटें खाली पड़ी हैं। इस सत्र अभी तक यूजी-पीजी मिलाकर 45 फीसदी सीटों पर एडमिशन हुआ है और अभी भी लगभग 55 प्रतिशत सीटें खाली हैं। यूजी-पीजी मिलाकर लगभग 29 हजार सीटें रिक्त रह गई है। इसलिए अटल यूनिवर्सिटी ने प्रवेश तिथि बढ़ाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखा है।

अटल यूनिवर्सिटी अंतर्गत कालेजों में शासन के प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत तहत 31 जुलाई तक प्रवेश दिया गया, उसके बाद कुलपति के अनुमति से कालेजों के प्राचार्यो द्वारा खाली सीटों पर प्रवेश दिया गया। यह प्रवेश 14 अगस्त तक दिया गया, उसके बाद से कालेजों ने प्रवेश देना बंद कर दिया है। इधर अभी तक किन्हीं कारणों से प्रवेश नहीं ले पाए वंचित छात्र-छात्राएं कालेजों में प्रवेश लेने चक्कर लगा रहे हैं, किन्तु उच्च शिक्षा विभाग से प्रवेश तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में कोई निर्देश नहीं आया है, इसलिए कालेजों द्वारा छात्र-छात्राओं को वापस लौटाया जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से यूनिवर्सिटी से प्रवेश के संबंध में जानकारी मंगाई गई थी। इस पर अटल यूनिवर्सिटी ने अपने से संबद्ध कालेजों में यूजी-पीजी मिलाकर अब तक 45 फीसदी सीटों पर एडमिशन की जानकारी भेजी है, जबकि अभी भी लगभग 55 फीसदी सीटें रिक्त रह गई है, इसलिए अटल यूनिवर्सिटी ने उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर यूनिवर्सिटी के यूटीडी समेत गवर्नमेंट व प्राईवेट सभी कालेजों में प्रवेश की तिथि बढ़ाए जाने की मांग की है।

- **केवल 45 फीसदी सीटों पर हुआ एडमिशन 55 प्रतिशत अभी भी खाली**

### 1 लाख 5 हजार 189 रजिस्ट्रेशन

अटल यूनिवर्सिटी के प्रवेश पोर्टल में प्रवेश के लिए कुल 1 लाख 5 हजार 189 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इसमें यूजी-पीजी दोनों ही पाठयक्रमों का रजिस्ट्रेशन शामिल है। यूनिवर्सिटी द्वारा तीन-चार बार पोर्टल आनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए ओपन किया गया था। इसमें लगभग 65 हजार 900 रजिस्ट्रेशन फर्स्ट ईयर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए हुआ और लगभग 40 हजार रजिस्ट्रेशन पीजी के लिए हुआ है। एक-एक स्टूडेंट ने तीन-चार रजिस्ट्रेशन कराया था। इससे प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के मुकाबले रजिस्ट्रेशन की संख्या अधिक है।

### भेजा गया है पत्र

कालेजों में प्रवेश तिथि समाप्त हो गई, जबकि अभी भी काफी सीटें रिक्त रह गई है। प्रवेश के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से यूनिवर्सिटी से जानकारी मांगी थी, वह जानकारी भेज दी गई है। इसके साथ ही प्रवेश की तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में यूनिवर्सिटी की ओर से पत्र भी भेजा गया है।

**-डॉ. तार्निश गौतम**
रजिस्ट्रार, एयू

### फर्स्ट ईयर की 16 हजार 842 सीट रिक्त

यूजी फर्स्ट ईयर में ही प्रवेश के लिए कालेजों में मेरिट आधार पर चार बार लिस्ट निकाली गई है। फर्स्ट ईयर में कालेजों में कुल 33 हजार 750 सीटें हैं, जिनमें से 16 हजार 808 से सीटों पर ही प्रवेश हुआ है। फर्स्ट ईयर में ही 16 हजार 942 सीटें रिक्त है। प्रवेश प्रक्रिया तहत कालेजों में पहली मेरिट लिस्ट 2 जुलाई को जारी हुई थी, जिसपर 8 जुलाई तक प्रवेश दिया गया। दूसरी मेरिट लिस्ट 9 जुलाई को निकाली गई थी, जिसपर 15 जुलाई तक प्रवेश चला। कालेजों में तीसरी मेरिट लिस्ट 16 जुलाई को निकाली गई थी, जिसपर 22 जुलाई तक प्रवेश दिया गया तथा चौथी मेरिट लिस्ट 23 जुलाई को निकाली गई थी और 30 जुलाई तक प्रवेश दिया गया।

# शहर में बाइक पेट्रोलिंग कर अपराधियों पर नजर रख रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी ने पुलिस लाइन से त्यौहारी सीजन पर शहर में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए शांति व सुरक्षा के मद्देनजर बाइक पेट्रोलिंग का गठन किया गया है। बाइक पेट्रोलिंग ने जरहाभाठा जतिया तालाब के पास संदिग्ध रूप से बैठे 8 से 10 बदमाशों को खदेड़ा। वहीं महाराणाप्रताप चौक की शराब दुकान में घेराबंदी करते हुए लोगों की जांच की गई, जिससे अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ था।

एसएसपी रजनेश सिंह ने सिविल लाइन, सरकण्डा, कोतवाली सीएसपी के नियंत्रण में 4 - 4 बाइक दल का गठन किया है, इसमें 8 - 8 पुलिस जवान हैं। थाना के साथ ही अनिरिक्त टीआई स्तर के अधिकारियों को भी पेट्रोलिंग दल में शामिल किया गया है। सीएसपी के सुपरविजन में बाइक पेट्रोलिंग दल को शहर के बाजार में पेट्रोलिंग कर अपराध रोकथाम, छेड़छाड़, लूटपाट, मारपीट जैसी घटनाओं पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुचारू से संचालित करने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रतिदिन शाम से देर रात तक टीआई के अगुवाई में पेट्रोलिंग दल भीड़ वाले इलाके, बाजार, दुकानों, मेला स्थल एवं विवादित इलाकों में सतत गश्त कर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण करने का प्रयास करेंगे। बाइक पेट्रोलिंग दल की व्यवस्था में एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल, सीएसपी सिविल लाइन निमितेश सिंह परिहार, आरआई भूपेन्द्र गुप्ता, टीआइ विवेक पाण्डेय, राजेश मिश्रा, रविन्द्र अनंत, रवि शंर तिवारी सहित अन्य अधिकारियों को शामिल किया गया है।

- **जतिया तालाब के पास 10 बदमाशों को खदेड़ा गया, शराब दुकान में लोगों की गई जांच**

### शराब दुकानों में की गई लोगों की जांच



### बदमाशों की जमकर की खातिरदारी

बाइक पेट्रोलिंग दल ने जरहाभाठा जतिया तालाब में दबिश दी। 8 से 10 बदमाश व नशेड़ी युवक बैठे हुए थे। पुलिस टीम युवकों को पकड़कर जमकर खातिरदारी की। पुलिस को खातिरदारी करते देख लोगों भी भीड़ लग गई। आसपास क्षेत्र में रहने वाले पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते रहे।

### किलाबंदी कर शराब दुकान में जांच

महाराणाप्रताप चौक स्थित शराब दुकान में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। पेट्रोलिंग दल ने शराब दुकान को किलाबंदी घेराव करते हुए शराब खरीदने गए सभी लोगों को जांच की। हालांकि यहां संदिग्ध सामान हाथ नहीं लगा। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र के बदमाशों में हड़कंप मचा हुआ था।

### मुंगेली नाका से मंगला चौक तक पैदल पेट्रोलिंग

सिविल लाइन सीएसपी श्री परिहार के नेतृत्व में बाइक पेट्रोलिंग पार्टी के द्वारा मुंगेली नाका चौक से मंगला चौक तक पैदल पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान सड़क किनारे अस्त व्यस्त खड़े वाहनों को समझाइश देकर हटवाया गया। दुकान संचालकों को व्यवस्थित वाहन खड़ा कराने का निर्देश दिया गया, ताकि ट्रैफिकजाम की स्थिति निर्मित न हो।

### 55 हजार का सामान चोरी

**बिलासपुर।** बीती रात चोरों ने ब्यूटी पार्लर में धावा बोलकर 55 हजार का सामान चोरी कर लिया है। पुलिस जांच में जुट गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, तालापारा निवासी मोनिका हुसैन पिता इमरान तेलीपारा बजरंग काम्प्लेक्स में ब्यूटी पार्लर चलाती है। 25 अगस्त को रात 10.30 बजे पार्लर बंद कर घर आ गई थी। 27 अगस्त को वह पार्लर खोलने गई तो चोरी की जानकारी हुई।

## गौमांस बिक्री को लेकर बिल्हा में बवाल, तीन पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बिल्हा क्षेत्र में गौमांस बिक्री को लेकर हिन्दू संगठन व ग्रामीणों के बीच जमकर बवाल हो गया। पुलिस ने हस्तक्षेप कर विवाद शांत कराया। पुलिस ने गौमांस बेचने वाले तीन लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया कि हिन्दू संगठन के लोगों के द्वारा ग्राम डोंड़कीभाठा उड़िया मोहल्ले में गौमांस बेचने का वीडियो बनाकर शिकायत की। पुलिस हिन्दू संगठन के लोगों के साथ डोंड़कीभाठा गई। वहां हिंदू संगठन के लोगों ने गांव के हर घर में गौमांस बेचने का आरोप लगाकर लोगों के घरों में घुसने की कोशिश की, इससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उसके बाद हिन्दू संगठन व ग्रामीणों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया। खबर मिलते ही शहर से पुलिस के आला अफसर बल के साथ डोंड़कीभाठा पहुंच गए। काफी मशक्कत के बाद हिंदू संगठन व ग्रामीणों को समझाइश देकर शांत कराया गया है। पुलिस ने हिंदू संगठन के लोगों की शिकायत पर गौमांस बेचने वाले पवन रात्रे, पुनिता रात्रे व एक अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 351, 3, 325, 115, 115, 2, 3, 5 व 4, 5, 10 कृषक पशु परिक्षण अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### वाहन चेकिंग के दौरान खुखरीनुमा चाकू सहित बदमाश गिरफ्तार

बिलासपुर। कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान खुखरीनुमा चाकू के साथ गुण्डा बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आगामी त्यौहार के मद्देनजर अपराध पर नियंत्रण व अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने के उद्देश्य से बुधवार को कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर स्टाफ के साथ सघन वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे। जांच के दौरान स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीटी, 9265 में सवार जूना बिलासपुर गुण्ड बदमाश साव धर्मशाला निवासी देवेन्द्र इंगले पिता दीपक उर्फ पकलू 21 साल को पकड़ा गया। जांच करने पर स्कूटी की डिक्की में खुखरीनुमा चाकू मिला और वह नशे में स्कूटी चलाते घूम रहा था। पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट व 185 एमव्ही एक्ट के तहत खुखरी व स्कूटी जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### थोड़ी सी हवा चलने व पानी गिरने से हो जाती है बिजली गुल

# शहर की विद्युत व्यवस्था लंबे अर्से से बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शहर की विद्युत व्यवस्था विगत लंबे अर्से से बदहाल है। थोड़ी सी भी हवा चलने और पानी गिरने के साथ ही मौसम साफ रहने पर भी किन्ही कारणों से विद्युत आपूर्ति बंद हो जाती है। ऐसे में नगर की खराब विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर नागरिकों में दिनोंदिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है। यदि समय रहते विभाग द्वारा नगर की बदहाल विद्युत व्यवस्था को नहीं सुधारा गया तो भविष्य में आक्रोशित



जनता बड़ा आंदोलन कर सकती है। नगर में विगत कुछ माह से विद्युत व्यवस्था छुईमुई हो गई है। थोड़ी सी भी हवा चलने और पानी गिरने अथवा लाइटनिंग होने से तत्काल विद्युत आपूर्ति बंद हो जाती है। कभी कभी तो हद तब हो जाती है जब साफ मौसम होने के बाद भी पता नहीं किन्ही गड़बड़ियों के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित कर दी जाती है। बीच में स्थानीय विधायक ब्यास कश्यप के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा विद्युत दरों में वृद्धि किए जाने के विरोध में आंदोलन किया जा चुका है। अब लगता है कि शहर की बद्तर स्थिति में पहुंच चुकी विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर भी आक्रोशित जनता विद्युत मंडल के खिलाफ बड़ा आंदोलन कर सकती है। कुछ माह पूर्व यहां से स्थानांतरित कनिष्ठ यंत्री महेश जायसवाल द्वारा संवाद सीएसपीडीसीएल के नाम से नगर के विद्युत उपभोक्ताओं का एक व्हाट्सएप ग्रुप का निर्माण किया गया था। इस ग्रुप के माध्यम से नगर के विद्युत उपभोक्ता अपनी समस्या विभाग के समक्ष रखते थे, जिसे देखकर विभागीय अधिकारियों द्वारा विद्युत आपूर्ति बंद होने के कारणों की जानकारी देकर आपूर्ति बहाल करने के समय की जानकारी दी जाती थी।

## सहकारी समिति के पूर्व प्रभारी प्रबंधक और ऑपरेटर पर धोखाधड़ी के आरोप, जनदर्शन में शिकायत

**देवरी-सारागांव।** सेवा सहकारी समिति कड़ारी के पूर्व प्रभारी प्रबंधक और आपरेटर पर धोखाधड़ी करने का आरोप है। इसे लेकर शिककायतकर्ता ने जनदर्शन में फरियाद लगाई है।

ज्ञात हो कि सेवा सहकारी समिति कड़ारी में फर्जीवाड़े का मामला लगातार गहराता जा रहा है। संस्था के पूर्व प्रभारी और ऑपरेटर पर भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगे हैं। सेवा सहकारी समिति कड़ारी अध्यक्ष हीरासाय साहू ने 11 दिसंबर 2024 को की थी, लेकिन इस शिकायत को गुपचुप तरीके से लगभग पांच माह बाद 2 मई को बिना उनकी जानकारी दिए ही जांच पूरी कर ली गई। जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत होने पर उन्होंने इस कार्यवाही को संदेहास्पद बताया और असंतोष जताया। इसके बाद सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष ने पुनः कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई। अब इस मामले में कल 28 अगस्त को जांजगीर में जांच कार्यवाही तय की गई है, जिसमें शिकायतकर्ता को उपस्थित होने के लिए बुलाया गया है।

27 korba-pg3_Layout 1 8/27/2025 11:41 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### गणेश चतुर्थी पर शिवम ने बनाया मिट्टी की गणेश प्रतिमा



**हरदीबाजार।** बाजार में मिलने वाली गणेश प्रतिमा प्लास्टर ऑफ पेरिस व मिट्टी से बने गणेश प्रतिमा बिक रहे है, समय के साथ गणेश प्रतिमाओं की बिक्री राशि भी काफी बढ़ी हुई है। जिससे गणेश प्रतिमा की स्थापना करने वालों को जेब ढिली करनी पड़ी। वहीं बच्चों में अपने अंदर छुपे हुनर को बाहर निकालने व गणेश प्रतिमा बनाने का अवसर मिला, जिसे ईशान शिवम राठौर ने एक दिन में प्रतिमा बनाकर पेंटिंग भी कर डाली, जिसे बच्चों के द्वारा सजावट कर स्थापना किया गया। भोग में लड्डू, मोदक, केला, सेब व श्रीफल चढ़ाया गया। शिवम ने बताया कि तीन वर्ष हो गए स्वयं के द्वारा मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाकर अन्य सहपाठियों के साथ स्थापना कर पांच दिनों तक सुबह-शाम सेवा पूजा-अर्चना करते हैं और पांचवें दिन धुमधाम से तालाब में विसर्जित करेंगे।

### जर्जर सड़क व स्ट्रीट लाइट की मांग को लेकर किया गया चक्काजाम

**कोरबा।** बालको क्षेत्र में दर्री मार्ग पर खराब सड़क और बिजली व्यवस्था के विरोध में स्थानीय लोगों ने बुधवार को चक्काजाम कर दिया। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की समस्याएं सुनीं। स्थानीय निवासी ने बताया कि इस जर्जर सड़क के कारण पिछले कुछ महीनों में तीन लोगों की जान जा चुकी है। इस मार्ग पर भारी वाहनों का अधिक आवागमन होता है। स्थानीय लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के सामने अपनी मांगें रखीं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने सड़क मरम्मत और स्ट्रीट लाइट की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने बताया कि सड़क मरम्मत का टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही काम शुरू होगा। बालको तहसीलदार ने प्रदर्शनकारियों की मांगों को सुना तथा लोगों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही मांगें पूरी नहीं हुईं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। चक्काजाम के दौरान सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। बालको थाना पुलिस के समझाने और प्रशासन के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ।

### आयुष स्वास्थ्य मेले में राजपूत क्षत्रिय समाज ने दिया योगदान



**कोरबा।** राजपूत क्षत्रिय समाज और आयुष स्वास्थ्य विभाग कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में राजपूत क्षत्रिय समाज राम जानकी मंदिर परिसर में महाराणा प्रताप भवन में 25 अगस्त को जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया इस संबंध में राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह ने बताया कि विगत कई दिनों से इस संबंध में समाज के लोगों द्वारा कार्य किया जा रहा है ताकि यह मेला संपन्न हो सके। आयुष स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उदय शर्मा और उनकी पूरी टीम सुबह 9 बजे से राम जानकी मंदिर परिसर महाराणा प्रताप भवन में उपस्थिति रही और 1280 लोगों ने इस मेले में आकर स्वास्थ्य लाभ लिया। जिसमें विभाग की ओर से दवाइयां थी निशुल्क प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अजीत वसंत जिला पंचायत अध्यक्ष पवन महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, नरेंद्र देवांगन ने भी स्वास्थ्य मेले में पहुंचकर कार्यक्रम की सराहना की। राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष ठाकुर बच्चू सिंह, उपाध्यक्ष ठाकुर विजय सिंह, सहसचिव ठाकुर छन्नू सिंह ठाकुर, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, स्मिथ सिंह ठाकुर, दीपक सिंह ठाकुर, शैलेंद्र सिंह, डॉ अंजना सिंह ठाकुर, गुलजार सिंह, इंजीनियर अशोक सिंह ठाकुर, दिनेश सिंह सहित समाज के नागरिक उपस्थित रहे।

### मानव सेवा मिशन ने तीजा पर्व पर आदिवासी महिलाओं को बांटी साड़ी



**कोरबा।** मानव सेवा मिशन बालकोनगर ने तीज पर्व के अवसर पर देवपहरी रोड स्थित ग्राम भूडू माटी, छातीबहार और सरई टिकरा में निवासरत पहाड़ी कोरवा आदिवासी महिलाओं को साड़ी और श्रृंगार सामग्री वितरित की। साथ ही बच्चों को दस प्रकार के शैक्षणिक चार्ट, कॉपियां और पेंसिल सेट भेंट किए गए। मानव सेवा मिशन की शुरुआत कोरोना काल में जरूरतमंद ग्रामीणों तक राशन पहुँचाने से हुई थी। तब से यह संस्था लगातार गरीब और आदिवासी समुदायों तक पहुँचकर मदद कर रही है। मिशन से जुड़े अधिकांश सदस्य बालको संयंत्र में कार्यरत हैं और दायित्व निभाने के बाद सेवा कार्यों में सक्रिय रहते हैं। कार्यक्रम में केशव चन्द्रा, अमर पटेल, राजेश धीवर, संजय विजयवर्गीय, सत्यम सोनी, क्रांति सोनी, माधुरी चन्द्रा, उमा पटेल, स्मिता पटेल, मेघा सोनी सहित बड़ी संख्या में सदस्य शामिल हुए।

## गणेश प्रतिमाओं की स्थापना...



वार्ड क्रमांक 38 लालघाट में विराजित बप्पा।



आरपी नगर फेस-1 में विराजे गणपति।



शिवाजी नगर में विराजित हुए गणपति।



इमलीडुग्गू में विराजित गणपति बप्पा।



टीपी नगर में विराजित विघ्नहर्ता।

## कथा के चौथे दिन कृष्ण की बाल सुलभ लीलाओं से झूम उठे श्रोता

# दुनिया में मां से बढ़कर कोई नहीं: पं. मेहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पितृमोक्षार्थ गया श्राद्धांतर्गत मातनहेलिया परिवार द्वारा जश्न रिसोर्ट में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक पंडित विजय शंकर मेहता ने गजेंद्रमोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम एवं श्रीकृष्ण की बाल सुलभ लीलाओं से लेकर सिंहासन प्राप्ति की कथा सुनाई।

कथा वाचक पंडित मेहता ने कृष्ण-यशोदा का प्रसहन सुनाते हुए भगवान कृष्ण की बाल सुलभ लीलाओं का ऐसा वर्णन किया कि श्रोतागण झूम उठे। उन्होंने कहा कि जब भगवान कृष्ण दोपहर 12 बजे अवतार लिए और मां देवकी की कोख से बाहर आए और उनकी गोदी में आए तो यह दृश्य मां के लिए स्वर्ग से कम नहीं होता। जब कृष्ण ने बाल सुलभ लीला की तो मां के जीवन का वह आनंद, जिसे शब्दों में बखान नहीं किया जा सकता, सिर्फ अनुभूति होती है। देवकी ने कृष्ण को जन्म दिया लेकिन कृष्ण की बाल सुलभ लीलाओं का पूरा आनंद यशोदा मैय्या ने लिया। जब बच्चा मां का स्तनपान करता है और दूसरे स्तन को लात मारता है तो यह आनंद मां के लिए अद्भुत और अनंत होता है। मां और पुत्र के बीच के वात्सल्य से परमानंद की अनुभूति दोनों को होती है। उन्होंने कहा दुनिया में मां से बड़कर कोई नहीं-मां ही होती है, जो लात खाकर भी बच्चों को भोजन देती है, इसलिए मां को कभी आघात नहीं पहुंचाना, क्योंकि जब मां आहत होती है तो घायल भगवान होते हैं। मां-बाप की सेवा करना सौभाग्य की बात होती है। चौथे दिन भगवान कृष्ण ने कथा में अवतार लिया और आयोजकगणों ने मंच पर भगवान कृष्ण की अद्भूत झांकी का प्रदर्शन किया। भगवत कथा में शाम जैसे ही 6 बजकर 20 मिनट हुए, भगवान कृष्ण का अवतार हुआ और कृष्ण जन्म होते ही चारों तरफ उल्लास और उमंग से भर गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने कृष्ण के रूप में काफी आकर्षित लग रहे थे। मटके फोड़े, मक्खन खाया और बाल सुलभ मस्ती भी की, इसे देखकर श्रोता झूमने लगे।



भागवत कथा में नृत्य करते श्रद्धालुगण।

### पूर्व मंत्री ने किया भागवत कथा का श्रवण



कोरबा। पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने दीनदयाल मार्केट पावर हाउस रोड स्थित पीली कोठी में बिलोरिया परिवार द्वारा आयोजित पितृ मोक्ष ज्ञान यज्ञ श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कर कथा वाचक आचार्य मृदुलकृष्ण शास्त्री महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल सहित सैकड़ों श्रद्धालुजनों ने कथा श्रवण कर प्रसाद ग्रहण किया।

### राम और कृष्ण के बिना सनातन धर्म संभव नहीं

शुकदेव जब परीक्षित को कथा सुना रहे थे, तो उन्होंने पहले रामकथा सुनाई और कहा कि भगवान राम आदर्श के प्रतीक हैं और कृष्ण जीवन में आनंद घोलने वाले हैं। एक जीवन को मर्यादा सिखाते हैं, तो दूजा जीवन में प्रेम भरना सिखाते हैं। एक महेल से जंगल की ओर जा कर नई ऊंचाईयों को छूआ, तो दूजा जंगल से महल जा कर ऊंचाईयों को छूआ और हमारे लिए जीवन के आदर्श और प्रेम दे गए। दोनों बहुआयामी थे।

# त्यौहारी सीजन में जिला पुलिस अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

त्यौहारी सीजन शुरू होते ही बाजार में रौनक बढ़ चुकी है वहीं दूसरी ओर जगह-जगह भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित हो गई है। इसके मद्देनजर सड़कों पर बढ़ती भीड़ व घटना दुर्घटना ना हो इसके लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर देर शाम होते ही शहर की पुलिस सड़कों पर नजर आई और तीन सवारी दौड़ने वाले वाहनों की धरपकड़ की गई और पुलिस द्वारा बकायदा अलाउंस कर लोगों को समझाइश भी दी गई।

उल्लेखनीय है कि गणेश उत्सव के साथ ही अब त्यौहारी सीजन शुरू हो चुका है। 10 दिनों तक चलने गणेश उत्सव के दौरान जगह-जगह कार्यक्रम होंगे और साथ ही लोग बड़ी संख्या में गणेश की प्रतिमा व पंडाल देखने के लिए सड़कों पर निकलेंगे। शहर में किसी तरह की घटना दुर्घटना ना हो और चेन स्नेचिंग जैसी घटना ना हो इसके लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बुधवार की शाम नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल अपनी टीम के साथ शहर के अलग-अलग चौक चौराहों में वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान बेतरतीब वाहन चलाने वाले व तीन सवारी चलने वाले वाहनों को रोककर चालकों को कड़ी फटकार लगाई गई और उनके खिलाफ कार्यवाही भी की गई।

## लूट के नीयत से घर में घुसने वाला गिरफ्तार

**अकलतरा।** ग्राम कल्याणपुर में रात्रि के समय लूट की नीयत से घर में घुसकर घर में रहने वाले लोगों को आतंकित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अकलतरा पुलिस से यह जानकारी मिली कि 24 अगस्त की रात्रि थाना अकलतरा क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी राकेश दास की मां ने किसी व्यक्ति के द्वारा मंगलसूत्र की चोरी की आशंका जताई। आरोपी चेतन महंती के द्वारा पास में ही रखे हसिया को महिला के गले में रखकर राकेश दास के परिजनों को धमकी दी गई की यदि कोई उसे नुकसान पहुंचाएगा तो वह हंसिया से महिला के गले में वार कर देगा। आरोपी चेतन दास महंत को पलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

## जू-जित्सु प्रतियोगिता में 90 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जू-जित्सु एसोसिएशन ऑफ कोरबा द्वारा आयोजित एवं सह-संयोजक लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स अकादमी के सहयोग से प्रथम जिला जू-जित्सु प्रतियोगिता का आयोजन सिटी सेंटर मॉल स्थित लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स अकादमी में बड़े उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिलेभर से 90 खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के लिए तीन घंटे का विशेष सेमिनार भी आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें अंतरराष्ट्रीय नियमों की एवं पांचो गेम्स केटेगरी की विस्तृत जानकारी दी गई। इस पहल से खिलाड़ियों को भविष्य की बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार होने का अवसर मिला।

प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत रहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जू-जित्सु जैसे मार्शल आर्ट खेल युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा का गुण सिखाते हैं। विशिष्ट अतिथि पार्षद दीपक यादव ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और आयोजन समिति की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख भूमिका अविनाश बंजारे, रोशनी पटले, प्रेमराज बंजारे, अजीत शर्मा, आयुष निराला, स्नेहा बंजारे, देवाशीष कश्यप. रानी मरकाम ने सहयोग किया।

# महिलाओं ने श्री हनुमान दुर्गा मंदिर एचटीपीपी में विधि विधान से की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आस्था और छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति का पर्व तीजा (हरितालिका तीज) हर्षोल्लास से मनाया गया। इसी कड़ी में एचटीपीपी कॉलोनी स्थित श्री हनुमान दुर्गा मंदिर में सुहागिनों के लिए विशेष पूजा एवं आराधना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर के पुरोहित पंडित भास्कर जोशी के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान पूर्ण किया गया।

महिलाओं ने विधि विधान से पूजन के बाद भक्ति भाव से अर्ध रात्रि तक शिव-पार्वती का अमर संवाद और अमृत कथा का श्रवण किया। पति एवं परिवार के लिए सुख-समृद्धि एवं स्वास्थ्य की प्रार्थना की और भजन कीर्तन करते हुए जागरण किया। पति की दीर्घायु की कामना कर सुहागिनें 36 घंटे से अधिक का कठिन निर्जला व्रत रखती हैं। तीजा व्रत पूर्ण होने के बाद महिलाएं एक-दूसरे के घर भोज कर इस उत्सव को धूमधाम से मनाती हैं। तीजा पर घरों-घर अलग-अलग प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाये जाते हैं। इनमें ठेठरी, खुरमी, नमकीन, मीठा मुठिया के नाम शामिल है। इसके अलावा अन्य स्वादिष्ट पकवान भी बनाये जाते हैं।

### महिलाओं ने रखा व्रत



साडा कॉलोनी जमानीपाली में सर्व देव शिव मंदीर में आसपास की महिलाओं ने सामूहिक हृतालिका व्रत की पूजा पार्थिव शिव लिंग बनाकर एवं फुलहरा बांध कर अपने पति की लम्बी आयु की कामना करते हुए पूरे विधि विधान से पूजा करने के साथ पूरी रात भजन कीर्तन कर जागरण कर भगवान शिव माता पार्वती एवं गणेश की पूजा करते हुए अपनी मनोकामना पूरी करने हरितालिका व्रत का अनुष्ठान किया।

### राम मंदिर में मनाया गया तिजा का पर्व



बालको बेलाकछार राम मंदिर मे हरतालिका तीज पर सुहागिन महिलाओं ने रखा। मां पार्वती और शिव की पूजा विवाहित महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र की उपवास रखा। सुहागिन महिलाओं ने अन्न जल किए बिना व्रत रखा। भजन कीर्तन के साथ मां पार्वती शिव की पूजा चलती रही। पं गोपाल महाराज, यजमान रेखा साहू, जोत्सन साहू, बसंती पटेल, सुनीता देवाना, ज्योति साहू, ममता साहू शामिल रहीं।

### शांतिनगर शिव मंदिर में महिलाओं ने की पूजा अर्चना



हरदीबाजार सहित क्षेत्र में हरतालिका तीजा पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। विवाहित महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु सुखमय जीवन अखंड सौभाग्य रहने की कामना के साथ बिना अन्न जल ग्रहण किए निर्जला व्रत रखी, कुंवारी लड़कीयां भी अपने मनचाहा वर प्राप्ति के लिए वे भी व्रत रखी। तत्पश्चात भगवान शिवशंकर माता पार्वती की की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर, शिव पार्वती के विवाह की कथा श्रवण किया। जहां महिलाओं ने मंदिरों व घरों में फुलेरा बांध कर रातभर भजन कीर्तन किया और दूसरे दिन प्रातः स्नान कर नये वस्त्र धारण कर, श्रृंगार कर पूजा-अर्चना कर व्रत तोड़ती है। इस दौरान जगदम्बे राठौर, रश्मि राठौर, प्रभा कंवर,रिंकी कश्यप,बिन्नी राठौर ने व्रत रख तीजा पर्व मनाया। साथ ही छोट बच्चों में भी उत्साह रहा। वही आस-पास से बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं शिव मंदिर पूजा-अर्चना करने पहुचती रही और सुहाग का समान व अन्न फल-फूल का चढ़ावा चढ़ाया।

## ग्राम पंचायतों में पटवारी हल्के को करना होगा सहायक की भर्ती

# फसलों की गिरदावरी अब मैनुअल नहीं होगी, डिजिटल तकनीक से होगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अब मैनुअल तरीके से फसलों की गिरदावरी करने का समय पुराना हो चला है। इस वर्ष से राज्य शासन ने डिजिटल तरीके से फसलों का गिरदावरी करने का आदेश जारी किया है। जिसके लिए जिला प्रशासन ने सभी हल्का पटवारियों को अपने अधीन गांव के ऐसे शिक्षित युवाओं को सहायक के बतौर भर्ती करने के निर्देश दिए हैं जो मोबाइल चलाने में दक्ष हो। इस निर्णय के बाद घर में बैठकर फसलों की गिरदावरी करने वाले राजस्व अमले में हड़कंप मचा हुआ है।

प्रतिवर्ष फसलों की गिरदावरी राजस्व विभाग और कृषि विभाग के संयुक्त रुप से गांव गांव में जाकर की जाती थी। इसके लिए टीम बनाई जाती थी जो कृषक के खेत में पहुंचकर यह देखा करती थी कि कृषक के कितने रकबे में कौन सी फसल बोयी गई है और कितने रकबे की भूमि पड़त पड़ी हुई है। ऐसी जानकारी के लिए राजस्व विभाग अपने साथ लाये राजस्व रिकार्ड के साथ मिलान कर उसकी रिपोर्ट तैयार करते थे। कभी कभी दूर दराज के ग्रामीण अंचलों में जहां खेती का रकबा कम रहता है और विभाग के बड़े अधिकारी निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचते ऐसे ग्रामीण अंचलों में कृषक के घर में बैठकर ही उसके बताए अनुसार गिरदावरी कर देते थे। परिणाम स्वरुप शासन तक इसकी पूरी और स्पष्ट जानकारी नहीं पहुंच पाती थी, साथ ही खेती का रकबा भी बढ़ा हुआ दिखाया जाता था लेकिन अब शासन ने गिरदावरी डिजिटल तकनीक से करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए प्रत्येक पटवारी को गांव के ही ऐसे शिक्षित युवा को अपने स्तर पर भर्ती करना होगा। जो मोबाइल एप्प को चलाने में दक्ष हो, इसके लिए युवाओं को राशि भी दी जाएगी। गिरदावरी करने के लिए दो चरणों में प्रशिक्षण भी आयोजित किए जाएंगे। पहले चरण में हल्का पटवारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्हें नक्शों के डिजिटल किए जाने की जानकारी देने के साथ मैप में अपलोड करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।



फाइल फोटो

### दस रुपए प्रति खसरा किया गया निर्धारित

डिजिटल तरीके से गिरदावरी करने के लिए पटवारियों के साथ नियुक्त होने वाले सहायक को 10 रुपए प्रति खसरे के दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके लिए पटवारी और उनके साथ रहने वाले सहायक को उनके हल्के में आने वाले सभी खेतों का भ्रमण करना होगा और खेत की फोटो खींच कर मोबाइल एप्प में अपलोड करने के साथ खसरे का नंबर अक्षांश, देशांश तथा रकबा की पूरी जानकारी मोबाइल में ही एक एप्प में अपलोड करना होगा। यह काम पूर्व में मैनुअल हुआ करता था अब ऑनलाइन कर दिया गया है।

## उल्लास साक्षरता के लिए रासेयो का जनजागरुकता अभियान

**चैतमा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना चैतमा में स्वंय सेवकों द्वारा ग्राम पंचायत सजाबहारी में मनोरमा, रीमा, राजकम्मा मदनपुर में नीलम,चैतमा में सुष्मिता कंवर,ज्योति देवांगन, राधिका, रश्मि, पायल, दीपा स्वंय सेवकों ने ने कुटेलामुड़ा, पटपरा, ईरफ गोपालपुर में उल्लास नवभारत साक्षारता अक्षर ज्ञान से महिलाओं को शिक्षा का जानकारी दिया। वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि अशिक्षा केवल व्यक्तिगत प्रगति ही नहीं रोकती, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी बाधा डालती है। इसी समस्या को दूर करने के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को पढ़ना-लिखना सिखाना, उन्हें डिजिटल साक्षरता से जोड़ना और जीवनोपयोगी शिक्षा उपलब्ध कराना है।

पृष्ठ 1 का शेष

### रमेश चंद्र महापात्रा...

भूमिगत एवं ओपनकास्ट खनन परियोजनाओं का सफल नेतृत्व किया है। उत्पादन वृद्धि, आधुनिक प्रौद्योगिकियों के समावेश, भूमि एवं पुनर्वास संबंधी जटिल मुद्दों के समाधान तथा समुदायों के साथ मजबूत जुड़ाव स्थापित करने में उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारतीय कोयला क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें अफ्रीकन माइनिंग इंदाबा (केप टाउन, दक्षिण अफ्रीका) और चेक गणराज्य में औद्योगिक सहयोग वार्ताएँ शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### डीएवी में किया गया वेद प्रचार सप्ताह का समापन

**कोरबा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में डीएवी मैनेजमेंट कमेटी के तत्वावधान में 19 अगस्त से वेद प्रचार सप्ताह मनाया जा रहा था जिसका भव्य समापन पूर्णाहूति के साथ किया गया। इस समारोह में शिक्षकों तथा छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ हिस्सा लेकर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस समारोह में शिक्षकों तथा छात्रों के द्वारा वैदिक मंत्र वैदिक प्रश्नोत्तरी, भाषण, हवन, कविता जीवनी, स्लोगन, सामाजिक नुक्कड़ नाटक,हवन तथा 108 बार गायत्री मंत्र तथा 11 बार महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया गया। इस वेद प्रचार सप्ताह का मुख्य उद्देश्य छात्रों को वेदों से परिचित कराना, आर्य समाज के बौद्धिक तथा नैतिक नियमों से अवगत कराकर उनका दैनिक जीवन में उपयोग कराना है। इस समारोह में छात्रों को आर्य समाज तथा उनके द्वारा समाज सुधार के क्षेत्र में किए गए सभी कार्यों से अवगत कराया गया। इस समारोह की यज्ञशाला में प्राचार्य हेमन्तो मुखर्जी तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्रों ने आहुति दी। हमारे भारतीय संस्कृति में वेदों का अत्यधिक महत्व तथा उपयोगिता है। वेद हमें भारतीय संस्कृति से जोड़ने के लिए सेतु का कार्य करते हैं। ऋग्वेद सबसे प्राचीन वेद होने के साथ ही सनातन धर्म का महत्वपूर्ण ग्रंथ है। सबसे प्राचीन ग्रंथ होने के बाद आज भी यह लिखित रूप में प्राप्त होता है। सभी वेदों की रचना वैदिक काल में की गई इसी कारण इन रचनाओं का नाम वेद रखा गया। वेदों को अपौरुषेय से माना जाता है। पुराणों के आधार पर वेदों की रचना स्वयं देवी सरस्वती द्वारा की गई है। जिस समय आर्य समाज की स्थापना हुई उस समय हमारे समाज में अनेक प्रकार की कुप्रथाएं प्रचलित थी जिसमें दहेज प्रथा सती प्रथा तथा महिलाओं को शिक्षा से वंचित करना आदि समस्याएं प्रमुख थी। स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना इन समस्याओं से निपटने के लिए की थी। उनके प्रयासों का ही फल था कि आज महिलाएं भी शिक्षा के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी है। हम सभी स्वामी दयानंद सरस्वती जी के इस कृत्य के लिए सदैव उनके ऋणी रहेंगे। वेद प्रचार सप्ताह की समाप्ति पर प्राचार्य मुखर्जी ने छात्रों तथा शिक्षकों को इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया तथा शिक्षकों एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### उमरेली में दीक्षा कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**कोरबा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय उमरेली में दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सोनाराम देवांगन जन भागीदारी अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि संतोष देवांगन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रतिनिधि हेमलाल देवांगन जन भागीदारी सदस्य गोपी देवांगन कृषक प्रतिनिधि सहित महाविद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार गुप्ता एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा समस्त अतिथियों के समक्ष स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। दीक्षा आरंभ कार्यक्रम में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक आरके देवांगन विषय जंतु विज्ञान के द्वारा एनईपी 2020 के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि सोनाराम देवांगन ने कहा कि छात्रों में अनुशासन एवं संस्कार का होना अति आवश्यक है। यही उन्हें उचित जीवन जीने की शैली सीखने में सहायक सिद्ध होंगे। तत्पश्चात कार्यक्रम की समापन की घोषणा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक नारायण राव सावरकर विषय इतिहास के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ.प्रिंस कुमार सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

वर्ष 2024 में सड़क हादसों में 402 लोगों की हुई थी मौत, इस वर्ष अब तक 265 लोगों ने गंवाई जान

# हादसों पर लगाम लगाने स्कूलों में पुलिस की मुहिम पिछले साल की तुलना में मौत का आंकड़ा बराबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क दुर्घटनाओ को रोकने के लिए पुलिस लगातार तरह तरह के जागरुकता अभियान चला रही है जिसका असर अब सामने आने लगे हैं। पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष सड़क हादसों का ग्राफ लगभग बराबर चल रहा है। पुलिस बचे चार महीनों में इस हादसे के ग्राफ को कम करने का भरपूर प्रयास करेगा।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार अपनी टीम के साथ काम कर रहे हैं और खासतौर पर इन दिनों यातायात पुलिस की एक विशेष मुहीम की शुरुआत की गई है जिसमें स्कूलों को जोडकर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके मास्टर ट्रेनर के रुप में यातायात पुलिस की विशेष टीम गठित की गई है जिसमें एएसआई मनोज राठौर व उनकी टीम यातायात की पाठ पढ़ा रही है।



दुर्घटनाग्रस्त कार। (फाइल फोटो)

साथ ही सड़कों पर उतर कर पुलिस लगातार काम भी कर रही है। पुलिस विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2024 में जिले में सड़क हादसों में 402 लोगों की मौत हुई थी वहीं अब वर्ष 2025 जनवरी से अब तक सड़क हादसें में 265 लोगों की मौत हुई है जबकि 510 लोग घायल हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार पिछले साल की तुलना और अभी तक हादसों का लगभग बराबर चल रहा है। अब पुलिस अधीक्षक इन हादसों के ग्राफ को कम करने के लिए लगातार अपनी टीम को मोटीवेट कर ब्लेक स्पॉट व जनजागरुकता पर जोर दे रहे हैं ताकि इस ग्राफ को कम किया जा सके। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात पुलिस की टीम ने पिछले एक वर्ष के दौरान जिले की सड़कों में इंजीनियरों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के भौतिक सुधार किया गया है जिसमें मुख्य रुप से जिले भर में सड़क की संरचनात्मक कमियों को दूर करने हेतु निम्न कार्य किए गए, 21 ब्लैक स्पॉट एवं 4 ग्रे स्पॉट की पहचान की गई और उन पर सुधारात्मक कार्रवाई की जा रही हैं, मोड़ों पर दृश्यता सुधारने के लिए झाड़ियों की सफाई की गई। स्पीड ब्रेकर का निर्माण, स्ट्रीट लाइट, कॉन्वेक्स मिरर, रैडियम पट्टियां, एवं पेड़ो पर सफेद पुट्टीकरण जैसे उपाय किए गए।

### स्कूलों के बच्चों को पढ़ा रहे हैं यातायात का पाठ

यातायात पुलिस सड़क हादसों में कैसे कमी लाई जा सके इसके लिए स्कूल कॉलेज में लगातार यातायात नियमों का पाठ पढ़ा रही है। साथ ही चौक चौराहों में वाहनों की जांच कर लोगों को सजग भी कर रही है। जिसका असर साफ देखने को मिल रहा है। यातायात डीएसपी डी के सिंह, एएसआई मनोज राठौर सहित अन्य पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी लगातार सड़क पर काम कर रहे हैं। सड़क हादसों के ग्राफ में कमी लाने का प्रयास कर रहे हैं। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को लगातार मोटिवेट किया जा रहा है कि वे अपने माता पिता को गाड़ी चलाते समय किन किन बातों का ध्यान रखें इस पर जोर दिया जा रहा है।

### रफ्तार पर है पुलिस की नजर

ज्यादातर सड़क हादसों की बात करें तो या तो ओवरस्पीड की वजह से होती है या फिर शराब की वजह से होती है। ओवरस्पीड पर यातायात पुलिस ने शिकंजा भी कसा है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात पुलिस की टीम लगातार हाईवे पर पैनी नजर रखी हुई है और स्पीडोमीटर के माध्यम से रफ्तार पर लगाम लगी है। जिसके चलते कटघोरा-पाली मुख्य मार्ग या फिर कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग की बात करें तो इन दोनों मार्गों में हादसे कम भी हुए हैं क्योंकि इन्हीं मार्ग में सबसे ज्यादा सड़क हादसे होते थे और लोगों की मौत भी होती थी।



# कोरबी सर्किल में विचरण कर रहा 52 हाथियों का झुण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में हाथी उत्पात कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है, उल्टा हाथियों का उत्पात और भी बढ़ता जा रहा है। बीती रात अचानक धमके 52 हाथियों के झुण्ड ने डिविजन के केंदई रेंज के कोरबी सर्किल अंतर्गत खुरूपारा व कोरबी गांव में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने ग्रामीणों के खेतों व बाड़ी में घुसकर वहां लगे धान तथा मक्का की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया और उसे तहस-नहस कर दिया। जिससे 15 ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में आने तथा उत्पात मचाए जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और उन्हें खतरा बना हुआ है। वहीं वन विभाग द्वारा निगरानी बढ़ा दी गई है। अब तक हाथियों का दो झुण्ड सिरमिना सर्किल के साल्हीपहाड़ एवं पसान रेंज के बनिया क्षेत्र में विचरण रहा था। बताया जाता है कि हाथियों का दोनों झुण्ड रात में एक साथ मिल गया और केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में पहुंचकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया। रात में ग्रामीणों द्वारा हाथियों के आने और उत्पात मचाए जाने की जानकारी दिए जाने पर वन अमला मौके पर पहुंचा और हाथियों को खदेडऩे की कार्यवाही की, जिस पर हाथियों ने जंगल का रूख किया। वर्तमान में हाथियों का यह झुण्ड खुरूपारा जंगल में विचरण कर रहा है।

# शहर में काले सांड का आतंक हमले से बाल-बाल बचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इन दिनों शहर में एक काले सांड का आतंक जारी है, जो सप्तदेव मंदिर से पुराने बस स्टैंड के बीच घूम रहा है। जिससे आने-जाने वाले लोग आतंकित हैं, यह सांड अब तक कई लोगों पर हमला कर घायल कर चुका है। इसकी जानकारी निगम के जिम्मेदार अफसरों को देते हुए आतंक का पर्याय बने इस सांड को पकडक़र गोठान ले जाने की मांग की गई है लेकिन इसे अब तक निगम द्वारा काउकेचर टीम को भेजकर नहीं पकड़ा गया है और वह खुलेआम घूम रहा है, जिससे लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। सांड की खासियत है कि वह धीरे से लोगों के पास आता है और अचानक हमला कर देता है। एक दिन पूर्व भी सांड ने इस मार्ग पर एक के बाद एक तीन लोगों पर अचानक हमला किया जिससे उन्हें चोटें आई मगर तीनों बाल-बाल बच गए।



आतंक मचाने वाला मवेशी।

# डिस्ट्रिक्ट टीम को मेहता ने दिलाई शपथ इंस्टालेशन प्रथम केबिनेट व्योम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के सत्र 25-26 के लिए पीएमजेएफ ला विजय अग्रवाल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के पद पर निर्वाचित होने के पश्चात बुधवार को रोजबे रिसार्ट रायपुर में पंकज मेहता के मुख्य आतिथ्य में व लायन विनोद वर्मा गेस्ट आफ ऑनर, लायन शरद मेहता विशेष अतिथि ला डॉ जेपी जोहर के आतिथ्य में डिस्ट्रिक्ट इंस्टालेशन व प्रथम केबिनेट बैठक व्योम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम रिपुदमन पुसरी, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय पवन मलिक, पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन पीएमजेएफ ला जयप्रकाश अग्रवाल, ला राजेन्द्र तिवारी, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन बसंत मिश्रा, लायन प्रीतपाल सिंह बाली, एमजेएफ एमडी माखीजा, ला सत्येंद्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायन पंकज मेहता के द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला विजय अग्रवाल सहित डिस्ट्रिक्ट की पूरी टीम को क्रमवार शपथ दिलाई गई। श्री मेहता ने बताया की इस लायनवाद मे सेवा से बढ़कर कोई चीज नहीं हैं व्यक्ति के मन मे अगर सेवा भावना है तो ही लायनवाद से जुड़े अन्यथा नहीं। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट के सभी क्लबों को भी भी आह्वान किया कि सभी क्लब एक से बढ़कर एक सेवा के कार्य करे साथ ही उसकी रिपोर्टिंग अनिवार्य रूप से करे, क्योंकि आपकी रिपोर्टिंग ही बताएगी की आपने डिस्ट्रिक्ट में सेवा के क्या कार्य किये हैं। सिरमौर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला विजय अग्रवाल ने बताया कि निश्चित ही इस वर्ष सभी क्लब को मिलकर पूरे डिस्ट्रिक्ट में मिशन 1.5 पर विशेष कार्य करना है इसके अंतर्गत हमे डिस्ट्रिक्ट के सभी क्लबों के साथ तालमेल रखते हुए डिस्ट्रिक्ट में अधिक से अधिक और नए क्लब खोले जाने पर भी ध्यान देना है। साथ ही मीटिंग के क्षेत्र में सभी क्लब को हर माह 2 मीटिंग जरूर करनी चाहिए, जनरल मीटिंग व बीओडी मीटिंग इससे आपको कार्य करने में सुविधा होगी सर्विस के हिसाब से क्लब को ऐसी सेवा गतिविधि करना चाहिए जिससे आम लोगों को फायदा मिले गतिविधि भले ही कम हो लेकिन अच्छी होनी चाहिए। विनोद वर्मा के द्वारा डिस्ट्रिक्ट के सभी रीजन व जोन चेयरपर्सन के साथ डिस्ट्रिक्ट की टीम की स्कूलिंग ली व बताया कि सभी को किन किन विषयों पर विशेष रूप में कार्य करना चाहिए ताकि सभी अपने क्लबों को जानकारी देते हुए उन्हें प्रोत्साहित करें ततपश्चात डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल के द्वारा डिस्ट्रिक्ट के सभी रिजन व जोन चेयरपर्सन, जीएलटी, जीएमटीजी इस जुलाई व अगस्त माह में किये गए कार्यों की जानकारी हासिल की साथ ही करीब 25 एमजेएफ सदस्यों ने शपथ ग्रहण के ही दिन एलसीआईएफ के फंड में एक हजार डॉलर जमा किये गए।



शपथ ग्रहण समारोह में शामिल अतिथि।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दिलीप भंडारी, अमरजीत सिंह दत्ता, अनिल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन कैलाश अग्रवाल, निकिता अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, आभा दुबे, वीके सिंह, मनोज अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, भरत अग्रहरि, नीतू गुप्ता, एसके अग्रवाल, नितिन सलूजा, कमल छाबड़ा, पवन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुधा साओ, फरहीन चिस्ती सहित सभी रीजन चेयरपर्सन, जोन चेयरपर्सन डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन व सभी पदाधिकारि के साथ डिस्ट्रिक्ट में आने वाले सभी क्लबों से लायन सदस्यों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई।

# बालको और छत्तीसगढ़ का मान बढ़ा रहे हीरामणी

**कोरबा।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड व वेदांता समूह में कार्यरत शहर के सुप्रसिद्ध कवि हीरामणी वैष्णव अपनी हास्य कविताओं से पूरे देशभर में धूम मचा रहे हैं। कल से प्रारंभ हो चुके गणेश उत्सव में पूरे सप्ताह विभिन्न राज्यों के कवि सम्मेलनों में लगातार प्रस्तुति देंगे। जिसमें 28 अगस्त शिवरीनारायण (छत्तीसगढ़), 29 अगस्त फेस 1 कोरबा (छत्तीसगढ़), 30 अगस्त जोबट (मध्यप्रदेश), 31 अगस्त को केकड़ी (राजस्थान), 1 सितंबर इंदौर (मध्यप्रदेश) व 2 सितंबर नरसिंहपुर (मध्यप्रदेश) शामिल है। इसके अलावा श्री वैष्णव ने इसी महीनें ही 14 अगस्त को मुंगेली (छत्तीसगढ़), 17 अगस्त को लैलूंगा (छत्तीसगढ़), 23 अगस्त को गोरखपुर (उत्तरप्रदेश) तथा 24 अगस्त को रायबरेली में काव्यपाठ किया है।



# मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 80 वर्षीय वृद्ध बुधवार की सुबह वीआईपी रोड पर मॉर्निंग वॉक पर निकला था इस दौरान एक बाइक चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बुजुर्ग को अपनी चपेट मे ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई है। दुर्घटना को अंजाम देने वाला बाइक चालक भी गंभीर रुप से घायल हो गया है जिसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है वहीं पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत वीआईपी रोड में बुधवार की सुबह लगभग 7 बजे यह घटना घटित हुई। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्र से विभिन्न आयु वर्ग के लोग मॉर्निंग वॉक के लिए निकलते हैं। बुधवार की सुबह लगभग 7 बजे बुधवारी बाजार बस्ती निवासी शिवानंद सिंह वीआईपी रोड में मॉर्निंग वॉक पर निकला था। इसी दौरान एक बाइक चालक ने लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए शिवानंद सिंह को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में शिवानंद सिंह के सिर और अन्य हिस्से में काफी छोटे आई और वह लहूलुहान हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं बाइक चालक को गंभीरावस्था में एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले में पुलिस ने बाइक चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

महापौर, सभापति, पार्षद ने की पूजा अर्चना

# गणेश चतुर्थी के मौके पर साकेत भवन में विराजे विघ्नहर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गणेश चतुर्थी के अवसर पर निगम कार्यालय साकेत भवन में विंध्यहर्ता श्री गणेश की विशेष पूजा अर्चना की गई। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेंद्र देवांगन व लक्ष्मण श्रीवास ने प्रथम पूज्य श्री गणेश की पूजा अर्चना की तथा नगर के विकास, अमन चैन एवं नागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। नगर कार्यालय में गणेश चतुर्थी के अवसर पर कार्यालय में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा स्थल को विशेष रूप से सजाकर एवं भगवान श्री गणेश का विधि विधान से आवाहन कर विशेष पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने भगवान श्री गणेश का पूजन किया। गणेश चतुर्थी के इस पूरे गणेश उत्सव के दौरान साकेत भवन में प्रतिदिन सुबह शाम अधिकारी कर्मचारियों द्वारा विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इस अवसर पर निगम के कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला, संपदा अधिकारी अनिरुद्ध सिंह, निगम सचिव रामेश्वर कवर, अरुण मिश्रा, जेडी महंत, भावेश यादव, रामकृष्ण सोनी, शांतिलाल सोनी, मनोज श्रीवास आदि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



गणेश चतुर्थी पर पूजा अर्चना करती महापौर एवं अन्य।




